S.D. SARVHITKARI VIDYA MANDIR

AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI

42 years

संकलन कर्ता : साहित्य परिषद्

सर्वहितकारी

सर्वहित दर्पण

Senior Secondary

TALWARA TOWNSHIP, Hsp. (Pb.)

email : svmtalwara@yahoo.com

Pl. visit us : wwwsvmtalwara.org

Contact : 01883-236298

जुलाई से सितम्बर 2026



1 अगस्त : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन एस ई), मुम्बई में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित भारत-2047 हेतु शिक्षा' में सर्वहितकारी विद्या मन्दिर तलवाड़ा से श्रीमती अन्जू शर्मा, संयोजिका प्रतिमान केन्द्र पंजाब ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने पी पी टी के माध्यम से विद्यालय में किए जा रहे शैक्षणिक नवाचारों, मूल्यपरक शिक्षा, भारतीय ज्ञान परम्परा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अपनाई जा रही अभिनव शिक्षण पद्धतियों को प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति की शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने सराहना की। संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबाले का प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विभिन्न राज्यों के शिक्षा मंत्री, कुलपति, शिक्षाविद, नीति-निर्माता तथा देश भर से आए शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह उपलब्धि सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब और विद्या मन्दिर तलवाड़ा के लिए गौरव का विषय है।



सितम्बर 3 : 'शिशु वाटिका विभाग' द्वारा 'बाल गोकुलम' कार्यक्रम श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। नन्हें बच्चों ने श्रीकृष्ण जन्म, माखन-चोरी, राधा-कृष्ण झांकी एवं गोवर्धन लीला की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। संकुल प्रमुख श्रीमती अंजू शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, सत्य, साहस एवं कर्तव्य का सन्देश देता है तथा ऐसे कार्यक्रम बच्चों को भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों से जोड़ते हैं।



14 अगस्त – सत्र 2025-26 के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी मेहनत और परिश्रम के लिए विद्या भारती पंजाब, जालन्धर में मेधावी छात्र अभिनन्दन समारोह में सम्मानित किया गया। सभी होनहार विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की ओर से बहुत-2 शुभकामनाएँ।



1 से 4 जुलाई-विद्या भारती पंजाब द्वारा आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में तलवाड़ा संकुल के 6 विद्यालयों के 107 अध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्रमुख इन्दु ठाकुर के मार्गदर्शन में नैतिक शिक्षा, 21वीं सदी के कौशल, नेतृत्व विकास, अनुशासन तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों सहित विभिन्न विषयों पर विद्यालय के आचार्य-दीदियों ने अपने विचारों को रखा। समापन समारोह में मुख्य वक्ता प्रांत सह-प्रशिक्षण प्रमुख अंजू शर्मा ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य ज्ञान को जीवन में उतारना तथा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने अध्यापकों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं नवीन शिक्षण पद्धतियों को विद्यालय में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रिं. जनेश बाला, धर्मपुर देवी से प्रिं. धर्मेन्द्र सिंह एवं बहदुल्लो से प्रिं. सरोज कुमारी उपस्थित रहे।



1 से 31 जुलाई : पर्यावरण जागरुकता मास के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली, पौधारोपण, पोस्टर मेकिंग एवं कपड़े के थैले बनाने जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों को भटोली नर्सरी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्हें विभिन्न औषधीय एवं छायादार पौधों के महत्व के बारे में तथा पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। संकुल प्रमुख अंजू शर्मा ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। ईको क्लब प्रमुख सोनाली एवं ज्योति वाला ने बताया कि पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे माह विभिन्न रचनात्मक एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।



24 अगस्त: विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा संरक्षक रहे श्री जयदेव बतिश जी के पंच तत्वों में विलीन होने उपरान्त दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु विद्यालय ने शोक संवेदना व्यक्त की।



29 जुलाई: ज़ोनल खेलों में खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए शतरंज में -14 लड़कियों की टीम प्रथम तथा -17 लड़कों की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वालीबाल के -17 लड़के तीसरे स्थान पर रहे। रस्सा खींच में -14 लड़के प्रथम तथा लड़कियाँ तीसरे स्थान रही। बैडमिन्टन में अंडर 17 लड़कों की टीम तीसरे स्थान पर रही। टेबल टेनिस में -17 लड़कों ने दूसरा स्थान हासिल किया। खो-खो में -14 लड़कियाँ पहले, -17 लड़के दूसरे स्थान पर रहे। कुश्ती में लड़कों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्या भारती 37वीं प्रांतीय खेलों का आयोजन अमृतसर में हुआ जिसमें विद्यामंदिर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 गोल्ड, 3 सिल्वर तथा 1 ब्रोंज मेडल हासिल किया। सभी विजेताओं को स्कूल प्रबन्ध समिति, प्रिंसिपल व संकुल प्रमुख अंजू शर्मा ने बधाई दी।



• 26 जुलाई : विद्यालय में एक विशेष सत्र दौरान पूर्व राज्यसभा सांसद माननीय अविनाश राय खन्ना ने विद्यार्थियों को जल प्रबन्धन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर सम्बोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए दैनिक जीवन में छोटे 2 सकारात्मक बदलाव लाकर हमें जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्या भारती के महामंत्री श्री देशराज शर्मा, श्रीमती मीनाक्षी खन्ना, श्री सुशील कुमार पिंकी, श्री अशोक कालिया एवं प्रधानाचार्य जनेश बाला विशेष रूप से उपस्थित रहे।



8 अगस्त : मातृ भारती एवं बालिका शिक्षा परिषद के तत्वाधान में तीज का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी, तलवाड़ा की चेयरपर्सन श्रीमती सीमा गुप्ता तथा विशेष अतिथि शिक्षाविद् श्रीमती नीना फुल्ल रहीं। परम्पारिक परिधानों व सुसज्जित प्रांगण में छात्राओं ने तीज पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला तथा अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। अंताक्षरी, मेहंदी प्रतियोगिता, पंजाबी नृत्य, जागो एवं गिद्दा जैसी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम के चार चाँद लगा दिये। मातृ भारती की माताओं एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सभी ने खूब सराहा। मातृ भारती पंजाब प्रमुख श्रीमती अंजू शर्मा ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। पूर्व छात्रा हरप्रीत कौर अध्यापिका न्यूज़ीलैंड, मातृ भारती सचिव श्रीमती सविता गेरा व बैंक मेनेजर रीतिकी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अंत में प्रिंसीपल श्रीमती जनेश बाला ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।



18 जुलाई : रेड क्रॉस परिषद के सहयोग से विद्यार्थियों को मौसमी बीमारियों से बचाव तथा जीवन शैली अपनाने के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.बी.एम.बी. अस्पताल, तलवाड़ा के वरिष्ठ चिकित्सक डा० सुखदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डा० सुखदेव ने स्वच्छ दिनचर्या, नियमित व्यायाम एवं संतुलित आहार अपनाने तथा जंक फ़ूड और तले-भुने खाद्य पदार्थों से बचने के लिए प्रेरित किया। संकुल प्रमुख श्रीमती अंजू शर्मा ने भी विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन एवं अच्छे संस्कार अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अन्त में रेड क्रॉस प्रमुख श्रीमती रेनू शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



20-21 अगस्त : भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान एवं एस.डी. सर्वहितकारी विद्या मन्दिर, तलवाड़ा के सहयोग से 'सभ्याचारक मंच' द्वारा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' से हुआ। मुख्य अतिथि डा. विवेक सिंह ने डा. मुखर्जी के राष्ट्र हित, एकता एवं अखंडता के प्रति समर्पण को प्रेरणादायी बताया। वक्ताओं ने उनके 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज एवं पू. केन्द्रीय मन्त्री विजय सांपला ने उनके राष्ट्र, संस्कृति एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति योगदान के लिए स्मरण किया। श्रीमती अंजू शर्मा ने सभी अतिथियों, कलाकारों, आयोजकों एवं सभ्यारक मंच की टीम का आभार व्यक्त किया



16-17 अगस्त :- दो दिवसीय विभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कुल 10 विद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के कुल 31 खिलाड़ियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें 18 लड़के एवं 13 लड़कियां शामिल थीं। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 59 पदक अपने नाम किये, जिनमें 28 स्वर्ण, 23 रजत एवं 8 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार परिचय दिया। विशेष रूप से विभिन्न आयु वर्गों में विद्यालय के तीन खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का सम्मान प्राप्त हुआ। -11 में चक्षदीप कौर, -17 में ओस जरियाल एवं -19 में वंशिका ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुना गया।



29 जुलाई : गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति एवं गुरु–शिष्य परम्परा का भावपूर्ण निर्वहन करते हुए अपने पूज्य आचार्यों एवं दीदियों को तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर तथा चरण स्पर्श कर उनका अभिनंदन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संकुल प्रमुख श्रीमती अंजू शर्मा ने समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी व प्रिंसीपल श्रीमती जनेश बाला ने गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के भाव को जीवन में आत्मसात करने का सन्देश दिया।



14 अगस्त : भारत माता पूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं देशभक्ति के वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से एवं पुष्पार्चन से हुआ। छात्रा अमृत ने पी.पी.टी. के माध्यम से अखण्ड भारत एवं सांस्कृतिक एकता प्रस्तुत की, जबकि बहन त्रिशी ने युवा शक्ति के दायित्वों पर विचार रखे। अंत में छात्र संसद रक्षा मन्त्री रिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।



19 अगस्त: गोस्वामी तुलसीदास जी की जयन्ती विद्यालय में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई गई। विद्यार्थियों ने उनके जीवन व्यक्तित्व एवम् प्रेरणादायी जीवन–प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए रामकथा का भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया। कक्षाश: दोहा एवम् चौपाई वाचन व गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने भारतीय संस्कृति, भक्ति और नैतिक मूल्यों से जुड़ने का सुन्दर प्रयास किया।



26 अगस्त: रक्षाबन्धन से पूर्व बच्चों की रचनात्मकता को निखारने के लिए और स्वदेशी को बढ़ावा देने हेतु आर्ट काउंसिल द्वारा राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फाउंडेशन स्टेज के नन्हें–मुन्ने रहे जिन्होंने अपनी माताओं संग रंग–बिरंगी राखियाँ बनाई।



17 अगस्त: एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप और ऑल इण्डिया ट्रैकिंग कैंप में सहभागिता निभाने, रेसलिंग प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन करने लिए बी.बी.एम.बी. द्वारा बहन त्रिशी को सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से बहन त्रिशी व उसके परिवार को बहुत–बहुत बधाई।



17 अगस्त: राष्ट्रीय गौरव, देशभक्ति और एकता को बढ़ावा देने के लिए सर्वहितकारी विद्या मन्दिर द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में सभी अध्यापकों, कर्मचारियों, प्रबन्ध समिति उपाध्यक्ष श्री अशोक कालिया, श्रीमती स्नेह प्रभा, श्री सुमेर प्रताप, मातृ भारती सेक्रेटरी श्रीमती सरिता गेरा, पूर्व छात्र वरुण शर्मा, गगन राणा तथा पी.टी.ए. प्रेसिडेंट डॉ. ध्रुव सिंह ने भी सहभागिता निभाई। यह पद यात्रा 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित की गई।



31जुलाई : विद्या मन्दिर में शहीद ऊधम सिंह जी का शहीदी दिवस उनके अद्वितीय राष्ट्रप्रेम, साहस एवं बलिदान को स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शहीद ऊधम सिंह जी के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर चर्चा करते हुए उनके अदम्य साहस, देशभक्ति एवं त्याग से प्रेरणा ग्रहण की तथा उनके आदर्शों एवं पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। शहीद सरदार ऊधम सिंह जी का जीवन हमें राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण, साहस और निस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता है।



23 सितम्बर : सर्वहितकारी शिक्षा समिति पंजाब द्वारा आयोजत भारतीय संस्कृति, कला एवं लोक परम्पराओं के संरक्षण तथा विद्यार्थियों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने हेतु, 'संस्कृति महोत्सव' एवं 'कम्पयूटर मेले' का आयोजन सर्वहितकारी विद्या मन्दिर तलवाड़ा में किया गया। विद्या भारती पंजाब विभाग सचिव श्री विजय ठाकुर, प्रांत संगठन मन्त्री श्री राजेन्द्र कुमार, संकुल प्रमुख श्रीमती अंजू शर्मा, प्रधानाचार्य श्रीमती जनेशबाला सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्कृति, प्रश्न मंच, तत्कालिक भाषण, लोकनृत्य, कम्पयूटर, क्विज एवं कम्पयूटर प्रैक्टीकल सहित विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किए। कथा कथन में पावनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

25 अगस्त: विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। ग्रन्थों की पूजा की गई और बच्चों के द्वारा संस्कृत भाषा की कई गतिविधियाँ करवाई गई। विद्यार्थियों ने श्लोक गायन और लेखन सम्बन्धित कार्यों को सम्पूर्ण भाव से किया।





11 सितम्बर: तलवाड़ा संकुल प्रमुख श्रीमती अंजू शर्मा की अध्यक्षता में चार आयाम (संस्कृति बोध परियोजना, पूर्व छात्र परिषद, विद्वत परिषद, शोध) प्रमुख तथा पाँच आधारभूत विषयों के संकुल प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विद्वत परिषद, चार आयामों तथा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से सम्बन्धित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। अपने सम्बोधन में श्रीमती अंजू शर्मा ने विद्यालय गतिविधियों को प्रभावी एवं उद्देश्यपूर्ण बनाने पर बल दिया तथा प्रत्येक आचार्य-दीदी अपने दायित्व का पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं टीम भावना के साथ निभाते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

15 अगस्त: 80वें स्वतन्त्रता दिवस पर प्रबन्धक कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट सतीश डडवाल, उपाध्यक्ष श्री अशोक कालिया, श्री सुमेर प्रताप, पूर्व छात्र व सदस्य वरुण शर्मा तथा पी.टी.ए. प्रेसिडेंट डॉ. ध्रुव सिंह आदि गणमान्यों ने विद्यालय में तिरंगा फहराया और एन.सी.सी. कैडेट से सलामी ली। प्रधानाचार्या जनेश बाला ने विकसित भारत तथा राष्ट्र निर्माण के लिए सदा अग्रसर रहने हेतु प्रेरित किया।





28 अगस्त: रक्षा बन्धन के पर्व पर बच्चों ने पुलिसकर्मियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों तथा नगर परिषद के सदस्यों को राखियाँ बाँधकर सम्मान, सेवाभाव, सामाजिक जिम्मेदारी एवं भाईचारे का सन्देश दिया। गणमान्य व्यक्तियों और कर्मचारियों ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



7-8 अगस्त : शूटिंग प्रतियोगिता में 22 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 4 स्वर्ण, 5 रजत एवं 5 कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते, जबकि 21 खिलाड़ियों का नार्थ जोन के लिए चयन हुआ। शतरंज प्रतियोगिता में अंडर-14 वर्ग में विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



25 सितम्बर: वन्दे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्यालय द्वारा राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत 10 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए और वन्दे मातरम का गायन किया। इसमें अभिभावकों, स्थानीय लोगों और अध्यापकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय परिवार ने इस एतिहासिक अभियान में सहभागिता करते हुए देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।





14 सितम्बर: सांस्कृतिक बोध परियोजना के अन्तर्गत हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी वर्गों के अध्यापकों और विद्यार्थियों ने सहभागिता निभा कर अपने विचारों को प्रभावशाली एवम् सृजनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के लिए विषय निर्धारित किये गए।

अध्यापक वर्ग : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा
शिशु वर्ग : मेरे विद्यालय की दैनिक वंदना
बाल वर्ग : पंच परिवर्तन: पर्यावरण के संदर्भ में
किशोर वर्ग : वंदे मातरम के 150 वर्ष
तरुण वर्ग : नागरिक कर्तव्य - हमारा धर्म



11 अगस्त : अमर क्रान्तिकारी शहीद खुदीराम बोस के शहीदी दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं बलिदान की भावना का संचार करना था। संकुल प्रमुख श्रीमती अंजू शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहीद खुदीराम बोस ने मात्र 18 वर्ष की आयु में देश की स्वतन्त्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये। उनका साहस, देशभक्ति और बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वे महान स्वतन्त्रता सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ ने भी शहीद खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।



7 July : A special felicitation ceremony was organised during morning assembly to honour four NCC cadets for their outstanding participation in prestigious trekking camps. Cadet Harsh Dhiman completed the All India Trekking Camp at Rampur Bushahr (Shimla), Cadet Tishi Thakur participated in the Trekking Camp at Solan, while Cadets Shashwat Singh and Shivansh completed the Uttarakhand Trekking Camp at Dwarahat, Almora. The Cadets were felicitated with camp certificates and badges by Smt Anju Sharma (Matri Bharti Punjab Prant Pramukh) and Principal Smt. Janesh Bala. Their achievements reflected courage, endurance, discipline and the true spirit of NCC. The school congratulated the cadets for bringing laurels to the institution.



27 July to 2 August: Science Week was celebrated at school. A variety of educational and value based activities including Tulsi Pujan, cleanliness drive, laboratory visits, debates on global warming, a school level science fair, rainwater harvesting, and presentations on eminent Indian scientists were organised to promote scientific temperament and environmental awareness among students. This week was dedicated to the memory and legacy of Sir Prafulla Chandra Ray and his remarkable contribution to Indian Science. Cluster Head Smt. Anju Sharma encouraged the students to apply scientific thinking in their daily lives through simple activities, fostering curiosity, problem-solving skills, and a scientific outlook.



July 21: The Oath-taking ceremony of the Student Parliament was held with dignity at S.D. Sarvhitkari Vidya Mandir. Student Prime Minister Stuti Dogra and other elected representatives took the oath to discharge their duties sincerely. Cluster Head Smt. Anju Sharma administered the oath and highlighted the role of Students' Parliament in developing leadership, responsibility, confidence, teamwork and a spirit of service among students. Principal Smt. Janesh Bala, teachers and students were present on the occasion.



26 July: Under the guidance of Vidya Bharti, S.D. Sarvhitkari Vidya Mandir, organised a special programme at Fatehpur to honour the immortal martyrs of the Kargil War and promote environmental conservation. Vidya Bharti Akhil Bharatiya Mahamantri Shri Desh Raj Sharma was the chief guest. NCC Cadets presented patriotic songs, speeches and poems, followed by a poster exhibition. Under the campaign "One plant in the name of the Martyrs", guests, NCC personnels, teachers, parents and students planted saplings and pledged to protect the environment.



4 August: The School Level Science Fair 2026-27 was organised under the guidance of Principal Smt. Janesh Bala and Science Convener Mrs. Monika Parmar. Students participated in models, quizzes, paper experiments and computer activities, showcasing their creativity and scientific temperament. The judges appreciated their innovative ideas. Cluster Head Smt. Anju Sharma congratulated the selected students and wished them success at the Departmental Level Science Fair.



7-8 August : A two-day First Aid and Home Nursing Training Camp was organised under the guidance of Red Cross Council at S.D. Sarvhitkari Vidya Mandir, concluded success-fully. District Trainer Mrs. Anu Sharma provided practical training in first aid, bandaging, fracture care, bleeding control and CPR. Students also demonstrated the life-saving skills they had learnt. Cluster Head Mrs. Anu Sharma motivated students to use their knowledge to help others. Red Cross Council Head Mrs. Renu Sharma expressed gratitude to the trainer. 480 students benefited from the Camp.



29 August: National Sports Day was celebrated at SDSVM to commemorate the birth anniversary of the legendary hockey player, Major Dhyan Chand. Students delivered inspiring speeches highlighting his remarkable contribution to Indian hockey and the importance of sports in developing discipline, teamwork and a healthy lifestyle. The Principal, Smt. Jamesh Bala, addressed the students and encouraged them to actively participate in sports and uphold the values of dedication, sportsmanship and perseverance.



3 Sept. : Inspired by the message of Rajya Sabha Member Sh. Avinash Rai Khanna on the importance of water conservation, the Literary Council of SDSVM organised a Water Conservation Essay Competition to create awareness among students about saving water and protecting the environment. The students performed exceptionally well at the state level, with six students securing top positions and ten receiving consolation prizes. They were honoured as a Gaurav Samman Samaroh held at Rayat-Bahra University by Sh. Kavinder Gupta, Governor of Himachal Pradesh, Sh. Avinash Rai Khanna and Sardar Gurvinder Singh Bahra, Chairman & Chancellor. Cluster Head Smt. Anju Sharma congratulated the students for their achievement and commitment to water conservation.



6 July: A grand Matri Sammelan was organised at SD Sarvhitkari Vidya Mandir with enthusiastic participation of mothers. The programme began with the lighting of the lamp and Saraswati Vandana. The speakers highlighted the significant role of mothers in the holistic development, values and character-building of children. Sessions on positive parenting, education, foundation stage and responsible use of digital media were also conducted. The soulful presentation of "Mawan Thandian Chhawan" touched everyone's hearts. Mrs. Ranjana was honoured with the 'Best Mother Award'. Principal Mrs. Janesh Bala expressed gratitude to all the guests and participants. The programme concluded with the singing of 'Vande Mataram'.



7 July to 29 Sept. : The Vidya Mandir Prouudly welcomed its alumnus and talented rifle shooter Neeraj Kumar, who represented India at the Asian Games in Japan and won a Silver Medal for the Nation. Before his departure, Neeraj had visited his alma mater to seek the blessings of his teachers and received their heartfelt good wishes. On his return after the achievement, he was warmly welcomed by the school administration, management committee, teachers, students and PTA members. Sharing his success Mantras, Neeraj highlighted hardwark, dedication and perseverance and inspired the students to pursue their dreams with determination. The school fraternity congratulated him on brining laurels to the nation and his alma mater.



22 August: The Athletes of Vidya Mandir won hearts with Record Gold Medals at Vibhag level kho-kho tournament at Hoshiarpur. A total of 46 athletes represented and did exceptional work and attained top spot in all the categories at Vibhag level kho-kho meet. They obtained positions: U-11 boys (1st), U-14 boys (1st), U-14 girls (1st), and U-17 boys (1st). All the teachers, Principal & coordinator poured blessing over champions for this achievement.



19 September: We are immensely proud and grateful to announce that our brilliant alumna Yuti Thakur has qualified UGC-NET. This milestone is just the beginning of a lifelong journey of learning, teaching and exploring new horizons in your field. Congratulations to Yuti and her parents from each family.



12 August: School athletes brought glory to the school and the region by performing exceptionally well in zonal competition. 17 wrestlers from our school gave their best shot and performed exceptionally and bagged laurels in North Zone Wrestling Competition held in Bhikhi. They clinched 15 medals, 3 Gold, 7 Silver and 5 Bronze. Three wrestlers - Aditya (U-17), Khushveer (U-17) & Prashant (U-19) selected in Vidya Bharti wrestling competition going to be held at Bankhedi, MP.



29-30 Sept. : The Red Cross Council of Sarvhitkari Vidya Mandir and in collaboration with Red Cross Sociely Hoshiarpur organised a two-days Health Checkup programme for students of Class I to XII. Dental check ups were conducted by Dr. Nipun and Dr. Rajinder with their team, while The Thind Eye Hospital Hoshiarpur Team led by Dr. Siya Kanwar and Dr. Simrat Kaur conducted eye screening. Students were guided on proper dental and eye care. The programme was successfully conducted with support of the Red Cross Society medical teams, school management and staff.